Topic: Puzzles
Time: 10min

Paper-Maker Monika Awasthi
Direction (1-5): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए.**

A, B, C, D, E, F, G और H एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि समान क्रम में हों। इनमें से कुछ दक्षिण की ओर उन्मुख हैं जबकि कुछ उत्तर दिशा की ओर उन्मुख हैं। E, H के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। B और G समान दिशा की ओर उन्मुख हैं। C, F के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। A पंक्ति के किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है तथा दक्षिण की ओर उन्मुख है। C के दोनों निकटतम पड़ोसी उत्तर की ओर उन्मुख हैं। न तो C और न ही F, A के निकटतम पड़ोसी हैं। B, C के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। न तो C और न ही F पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठा है। D के बाएं स्थान पर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं, D जो दक्षिण की ओर उन्मुख है। पंक्ति के अंतिम छोरों पर बैठे व्यक्ति विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं (अर्थात यदि एक व्यक्ति उत्तर की ओर उन्मुख है तो अन्य व्यक्ति दक्षिण की ओर उन्मुख है और इसके विपरीत)

Q1. **A और H के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) तीन
(b) चार
(c) छह
(d) पाँच
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsLinear seating arrangement

Q2. **F के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) A
(b) B
(c) D
(d) C
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsLinear seating arrangement

Q3. **G और H के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) दो
(b) कोई नहीं
(c) तीन
(d) एक
(e) चार

L1Difficulty 1
QTagsLinear seating arrangement

Q4. **निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं और इसलिए एक समूह का निर्माण करते हैं, निम्नलिखित में से कौन सा उस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) G
(b) B
(c) D
(d) H
(e) E
L1Difficulty 1
QTagsLinear seating arrangement

Q5. **E के ठीक बाएं स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) A
(b) B
(c) D
(d) C
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsLinear seating arrangement

**Directions (6-10): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

सात डिब्बे एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों. प्रत्येक डिब्बे पर अलग रंग किया गया है. हरे डिब्बे और बैंगनी डब्बे के मध्य केवल दो डिब्बे रखे गए हैं. नारंगी डिब्बे हरे डिब्बे के ऊपर रखा गया है. नीले और काले डिब्बे के मध्य केवल एक डिब्बे रखा गया है. बैंगनी और काले डिब्बे के मध्य तीन से अधिक डिब्बे रखे गए हैं, काला डिब्बा जो सबसे ऊपर नहीं रखा गया है. हरे और सफ़ेद डिब्बे के मध्य उतने ही डिब्बे रखे गए हैं जितने पीले और बैंगनी डिब्बे के मध्य हैं. सफ़ेद डिब्बा, पीले डिब्बे के ऊपर नहीं है.

Q6. **निम्नलिखित में से कौन-सा डिब्बा सबसे ऊपर रखा गया है?**
(a) सफ़ेद
(b) बैंगनी
(c) हरा
(d) नारंगी
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsbox based puzzle

Q7. **निम्नलिखित में से कौन-सा डिब्बा, सफ़ेद डिब्बे के ठीक नीचे रखा गया है?**

(a) बैंगनी
(b) पीला
(c) काला
(d) हरा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsbox based puzzle

Q8. **सफ़ेद डिब्बे और नारंगी डिब्बे के मध्य कितने डिब्बे रखे गए हैं?**

(a) एक
(b) तीन
(c) दो
(d) तीन से अधिक
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsbox based puzzle

Q9. **निम्नलिखित में से बैंगनी रंग के डिब्बे के ठीक ऊपर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?**

(a) पीला
(b) नीला
(c) हरा
(d) सफ़ेद
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsbox based puzzle

Q10. **निम्नलिखित में से बैंगनी डिब्बे और काले डिब्बे के ठीक मध्य में कौन-सा डिब्बा रखा गया है?**

(a) पीला
(b) हरा
(c) बैंगनी
(d) नीला
(e) काला
L1Difficulty 1
QTagsbox based puzzle

**Directions (11-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आठ व्यक्ति M, N, O, P, Q, R, S और T एक वृताकार मेज के चारो ओर बैठे हैं. उनमें से कुछ अंदर

की ओर और कुछ बाहर की ओर उन्मुख हैं. आवश्यक नहीं कि दी गई जानकारी समान क्रम में हो. दो से अधिक आसन्न व्यक्ति समान दिशा की ओर उन्मुख नहीं हैं.
P और N के मध्य एक व्यक्ति बैठा है. Q, N के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. N के निकटतम पड़ोसी एक–दूसरे की विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं. R, S के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है. R, N और Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है. T, O के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है, O जो M के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. M, P के ठीक दायें स्थान पर बैठा है. T, R का निकटतम पडोसी नहीं है. M बाहर की ओर उन्मुख है.

Q11. **O के दाईं ओर से गिने जाने पर, O और M के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) एक
(b) दो
(c) चार
(d) तीन
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q12. **निम्नलिखित में से Q के दायें से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) O
(b) P
(c) N
(d) R
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q13. **निम्नलिखित में से T के विपरीत कौन बैठा है?**
(a) M
(b) N
(c) R
(d) O
(e) Q
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement


Q14. **निम्नलिखित में से M के ठीक दायें बैठे व्यक्ति के दायें से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) Q
(b) S
(c) T

(d) O
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

**Q15. यदि Q और P के स्थानों को आपस में बदल दिया जाए, तो Q के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) T
(b) Q
(c) R
(d) M
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Solutions

Solutions (1-5):
Sol.




S1.Ans.(e)
S2.Ans.(b)
S3.Ans.(c)
S4.Ans.(c)
S5.Ans.(a)


**Solutions (6-10):**
**Sol.**

| **Box** |
|---|
| Purple |
| Orange |
| Yellow |
| Green |
| Blue |
| White |
| Black |

S6. Ans.(b)

S7. Ans.(c)
S8. Ans.(b)
S9. Ans.(e)
S10. Ans.(b)

**Solutions (11-15):**
**Sol.**




S11.Ans(e)
S12.Ans(d)
S13.Ans(a)
S14.Ans(b)
S15.Ans(a)